बिहार सरकार
मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग
(निबंधन)
आदेश

पटना, दिनांक–.....

का0आ0 सं0–AW-367/27/2025-SEC_8B-REG -...../–श्री चन्द्रशेखर आजाद ओझा, अभिलेखपाल, जिला निबंधन कार्यालय, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी द्वारा परिवादी श्री विश्वनाथ प्रसाद, पिता स्व0 मुखलाल साह, निवासी ग्राम एवं पोस्ट–बरवा, थाना–लखौरा, जिला–पूर्वी चम्पारण जो जिला निबंधन कार्यालय, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी में नकल संबंधी कार्य के लिए उपस्थित थे, के साथ श्री ओझा द्वारा उनसे अभद्रता पूर्वक व्यवहार करते हुए जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल किया गया, जो उनकी अनुशासनहीनता एवं कर्तव्यहीनता का परिचायक है। उक्त घटना के विडियों फुटेज के आधार पर आरोप प्रथम दृष्टया प्रमाणित पाये जाने के कारण श्री ओझा को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–9 (1) (क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

2. श्री ओझा, को निलंबन अवधि में बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–10(1) के अनुरूप अनुमान्य जीवन निर्वहन भत्ता देय होगा।

3. श्री ओझा, का निलंबन अवधि में मुख्यालय सहायक निबंधन महानिरीक्षक का कार्यालय, पूणियाँ प्रमंडल, पूणियाँ निर्धारित किया जाता है।

4. इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह0/–
(संजय कुमार)
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक– AW-367/27/2025-SEC_8B-REG - 351 पटना, दिनांकः– 15.01.26

प्रतिलिपिः–सचिव के प्रधान आप्त सचिव/निबंधन महानिरीक्षक के प्रधान आप्त सचिव /महालेखाकार (ले0 एवं ह0) का कार्यालय, वीरचन्द पटेल पथ, बिहार, पटना/सम्माहर्त्ता–सह–जिला निबंधक, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी/उप निबंधन महानिरीक्षक, बिहार, पटना/सहायक निबंधन महानिरीक्षक, तिरहुत प्रमण्डल, मुजफ्फरपुर एवं पूर्णियॉ प्रमंडल, पूर्णियॉ/जिला अवर निबंधक, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी/जिला कोषागार पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी/जिला कोषागार पदाधिकारी, पुर्णियाँ/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–06/आई0टी मैनेजर, मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु/श्री चन्द्रशेखर आजाद ओझा, अभिलेखपाल, जिला निबंधन कार्यालय, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

02. सहायक निबंधन महानिरीक्षक, पूर्णियाँ प्रमंडल, पूणियाँ से अनुरोध है कि श्री चन्द्रशेखर आजाद ओझा, अभिलेखपाल, जिला निबंधन कार्यालय, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी के योगदान की सूचना अविलंब विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

15/01/26

सरकार के संयुक्त सचिव।

15.01.26